पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

# गन्ना किसान संस्थान परिसर में आम जनता के लिए ₹52 प्रति किलो चीनी उपलब्ध

## उचित दर पर चीनी की सुविधा आम जनता के लिए राहत की पहल

### गन्ना किसान संस्थान परिसर में चीनी की बिक्री ₹52 प्रति किलो की दर से निर्धारित, उपभोक्ता दैनिक आवश्यकता के अनुसार खरीदें चीनी

### आम जनमानस प्रत्येक कार्यदिवस में सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक चीनी की खरीदारी कर उपलब्ध सुविधा का उठायें लाभ

### जनहित में महत्वपूर्ण पहल, चीनी विभाग उचित दर पर उपलब्ध करायेगा सभी उपभोक्ताओं को सस्ते दर पर चीनी, दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति में आम परिवारों को मिलेगी आर्थिक राहत

**लखनऊ : 03 सितम्बर, 2026**

प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के क्रम में चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग द्वारा आम जनता के हित में मात्र ₹52 प्रति किलो की रियायती दर पर चीनी विक्रय की व्यवस्था की गई है। लखनऊ शहर के उपभोक्ता लाल बहादुर शास्त्री गन्ना किसान संस्थान परिसर में स्थित चीनी निगम/सहकारी चीनी मिल संघ के चीनी विक्रय केन्द्र से उक्त दर पर चीनी खरीद का लाभ उठा सकते हैं। 01 एवं 02 किलो के पैकेट क्रमशः 52 व 102 रू. है जबकि 05 किलो, 50 किलो के पैकेट का मूल्य क्रमशः 250 व 2500 रूपया रखा गया है।

विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, चीनी की यह विशेष बिक्री प्रत्येक कार्यदिवस (Working Days) में नियमित रूप से संचालित होगी। आम नागरिक सुबह 10 बजे से सायं 05 बजे तक गन्ना किसान संस्थान परिसर में चीनी बिक्री केंद्र पर जाकर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। बिक्री केंद्र पर उपभोक्ताओं की सुविधा और सुगम खरीदारी के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। उपभोक्ता अपनी दैनिक आवश्यकता के अनुसार बिना किसी प्रशासनिक अड़चन के पारदर्शी व्यवस्था के तहत चीनी की खरीदारी कर सकते हैं।

चीनी जैसी दैनिक उपयोग की मूलभूत वस्तु की दरें नियंत्रित और सस्ती होने से विशेष रूप से मध्यमवर्ग और निम्न–आय वर्ग के परिवारों के मासिक बजट को बड़ी राहत मिलेगी। वर्तमान समय में बाजार में चीनी के दामों में होने वाले उतार–चढ़ाव के बीच शासन की यह पहल आम जनता के लिए एक बड़ा सहारा बनकर उभरी है। चीनी विभाग का स्पष्ट मानना है कि आवश्यक वस्तुओं की सुलभता और उचित मूल्य दर सुनिश्चित करना जनकल्याण की दिशा में एक प्राथमिक दायित्व है, और इसी को ध्यान में रखते हुए यह बिक्री शुरू की गयी है।

गन्ना विकास विभाग ने राजधानी के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे इस जनोपयोगी व्यवस्था का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। विभाग भविष्य में भी आम जनमानस को इसी प्रकार की व्यावहारिक राहत देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

---

**सम्पर्क सूत्र– अमित शुक्ला**

राम यतन/06:45 PM